दिनांक :17.05.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

नया सरकार- प्रतिनिधिमंडल

सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों को भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों समेत प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्व और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल होंगे।

तिरंगा यात्राएं-प्रदेश

भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए कल उज्जैन में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहीद पार्क से प्रारंभ हुई भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना ने पाकिस्तान में दाखिल होकर दुश्मनों से बदला लिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं ने अदम्य साहस और शौर्य का प्रमाण दिया हैं।

उधर आगरमालवा जिला मुख्यालय पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली तिरंगा यात्रा में विधायक मधु गेहलोत, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। नर्मदापुरम सहित जिले भर में भी तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। जिसमें आमलोगों के साथ सभी धर्मों के धर्मगुरु शामिल हुए। उधर धार और खंडवा में आज तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे व्हाट्एप नंबर 94065-23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065-23035

विश्व उच्च रक्तचाप दिवस

दुनियाभर में आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप से संबंधित खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इससे बचने के उपायों का प्रचार करना है। इस वर्ष का विषय है - अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापे, नियंत्रित करें और जीएं लंबा जीवन।

आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान - एम्स में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर नवल के. विक्रम ने बताया कि उच्च रक्तचाप के लक्षण इसके खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप दिल की बीमारियों और आघात की वजह बन सकता है। श्री विक्रम ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली, शारीरिक सक्रियता, तनाव कम कर और आहार में बदलाव के माध्यम से उच्च रक्तचाप से बचा जा सकता है। श्री विक्रम ने उच्च रक्तचाप को रोकने के लिए नमक के सेवन पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश के मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है, मौसम विभाग ने आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत 39 जिलों में आंधी और बारिश का

अलर्ट जारी किया है। जबकि 3 जिले- रीवा, मऊगंज और उमरिया में रातें गर्म रहेंगी। इससे पहले कल ग्वालियर, खजुराहो और नौगांव में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। जिन जिलों में आज बारिश हो सकती है उनमें ग्वालियर, जबलपुर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

1- राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आगरमालवा स्वास्थ्य विभाग द्वारा कल "देखें, साफ करें, ढकें डेंगू को हराने के उपाय करें" थीम को लेकर नागरिकों में जागरूकता लाने हेतु जिला स्तर से एक प्रचार रथ को सीएचएमओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

2- नर्मदापुरम जिले में पहली बार महत्वपूर्ण चिकित्सा सम्मेलन 'मेडिसिन अपडेट नर्मदापुरम' का आयोजन कल आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देशभर से 16 से अधिक सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर हिस्सा लेंगे।

3- धार जिला मुख्यालय पर आज से ब्रहमाकुमारी आश्रम के तत्वाधान में 9 दिवसीय अलविदा तनाव शिविर का आयोजन किया जा रहा है।